an>

Title: Need to revive the closed sugar mills at Goraul and Motipur in Vaishali Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : हमारे संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) में दो चीनी मिल गोरौल और मोतीपुर लगभग 25-30 वर्षों से बन्द हैं और उक्त चीनी मिलों की लगभग 1000 एकड़ से अधिक भूमि पर बाहरी व्यक्तियों का अतिक्रमण है। चीनी मिलों के बंद होने से गन्ना किसानों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और इस क्षेत्र के किसान गन्ना के उत्पादन करने में हतोत्साहित हो रहे हैं। मिलों की बन्दी के कारण करोड़ों रूपये मूल्य की मशीनें नष्ट हो रही हैं। इस संबंध में मामले को केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाने पर कुछ वर्ष पूर्व केन्द्रीय दल ने उक्त चीनी मिलों के भौतिक सत्यापन की जाँच रिपोर्ट सरकार को समर्पित की थी परन्तु इस संबंध में अब तक समुचित कार्रवाई नहीं की गई है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि हमारे क्षेत्र की बंद पड़ी उपरोक्त दोनों चीनी मिलों को शीघ्र चालू कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि इस क्षेत्र के किसानों की दयनीय स्थिति में सुधार हो सके और रोज़गार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत इस क्षेत्र के लोगों को रोज़गार उपलब्ध हो सके।